मंगलवार
19 दिसंबर 2023
डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज


हुलास पांडे ने लोजपा संसदीय बोर्ड से दिया इस्तीफा 2



## वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी विकसित भारत संकल्प यात्रा (ग्रामीण क्षेत्र) में हुए शामिल, पीएम ने की घोषणा

# 2 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति बनाना मेरा संकल्प

- सेवापुरी ब्लॉक के बरकी गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने लाभार्थियों से किया संवाद
- प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के सामने लाभार्थियों ने अपने अनुभवों को किया साझा

**केटी न्यूज ब्यूरो/वाराणसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने दो दिवसीय काशी यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को सेवापुरी ब्लॉक के बरकी ग्राम सभा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा (ग्रामीण क्षेत्र) में शामिल हुए। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के जरिए लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के सामने मंच से उन्हे मिले सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में अपने अनुभवों को साझा किया। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि उनका संकल्प है कि देश की दो करोड़ ग्रामीण माताओं और बहनों को स्वावलंबी बनाते हुए उन्हें लखपति बनाना है।

प्रधानमंत्री ने शादी विवाह में बर्बाद होने वाले भोजन पर चिंता व्यक्त करते हुए सेल्फ हेल्प समूह की महिलाओं को खाना परोसने की ट्रेनिंग लेकर इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान लखपति महिला चंदा देवी और मनीषा देवी को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। वहीं उन्होंने निपुण दक्षता हासिल करने वाले छात्र सिद्धार्थ और छात्रा आस्था को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा एकल नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अंतिमा को भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इससे पहले प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने ये यहां आयोजित सांसद खेल कूद प्रतियोगिता के अंतर्गत चल रहे विभिन्न खेल आयोजनों को भी देखा। साथ ही संकल्प यात्रा में शामिल हुए लोगों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शपथ भी दिलाई।

### अध्यात्म, इतिहास व संस्कृति का जीवंत उदाहरण है स्वर्वेद मंदिर : पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि काशी में बीता हर क्षण अपने आप में अद्भुत अनुभूतियों से भरा होता है। दो वर्ष पहले अखिल भारतीय विहंगम योग संस्थान के वार्षिकोत्सव में एकत्र हुए थे और एक बार फिर शताब्दी समारोह के ऐतिहासिक कार्यक्रम में आने का अवसर मिला। महर्षि सदाफल देव जी ने पिछली सदी में ज्ञान व योग की दिव्य ज्योति प्रज्ज्वलित की थी। इन सौ वर्षों की यात्रा में इस ज्योति ने देश-दुनिया के लाखों-करोड़ों लोगों के जीवन को परिवर्तित किया है। इस पुण्य अवसर पर 25 हजार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। इस महायज्ञ की हर एक आहुति से विकसित भारत का संकल्प और सशक्त होगा। यह मंदिर अध्यात्म, इतिहास व संस्कृति का जीवंत उदाहरण है।

**सरकार, समाज व संत गण मिलकर काशी के कायाकल्प का कर रहे कार्य :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी दौरे के दूसरे दिन स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी वासियों को परिवारजनों कहकर अपना जुड़ाव स्थापित किया। पीएम ने कहा कि संतों के सानिध्य में काशी के लोगों ने मिलकर विकास व नवनिर्माण के नए कीर्तिमान गढ़े हैं। सरकार, समाज और संत गण मिलकर काशी के कायाकल्प के लिए कार्य कर रहे हैं। आज स्वर्वेद मंदिर बनकर तैयार होना इसी ईश्वरीय प्रेरणा का उदाहरण है। यह महामंदिर महर्षि सदाफल देव जी की शिक्षाओं, उपदेशों का प्रतीक है। इस मंदिर की दिव्यता जितनी आकर्षित करती है, इसकी भव्यता उतना ही अचंभित भी करती है।

**भारत ने प्रगति के प्रतिमान गढ़े हैं :** पीएम मोदी ने कहा कि भारत ऐसा राष्ट्र है, जो सदियों तक विश्व के लिए आर्थिक समृद्धि व भौतिक विकास का उदाहरण रहा है। हमने प्रगति के प्रतिमान गढ़े हैं और समृद्धि के सोपान तय किए हैं। हमने काशी जैसे जीवंत सांस्कृतिक केंद्रों का आशीर्वाद लिया। कोणार्क जैसे मंदिर बनाए। सारनाथ व गया में प्रेरणादायी स्तूपों का निर्माण किया। तक्षशिला व नालंदा जैसे विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया था। वाराणसी में 22 नवंबर को इसका शुभारंभ किया गया। ये यात्रा वाराणसी के 694 ग्राम पंचायत और नगर क्षेत्र के 110 वार्डों को कवर करेगी। नगर में एक वैन और ग्राम पंचायतों के लिए 8 वैन के माध्यम से शुरू की गई ये यात्रा 26 जनवरी 2024 तक अवनरत चलती रहेगी। इसके जरिये नगरीय क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र में भारत सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। वैन के माध्यम से किसानों को दक्ष बनाने के लिए ड्रोन तकनीक की जानकारी दी जा रही है। गांव-गांव में इस यात्रा से पहले सर्वेक्षण का काम भी किया जा रहा है। पंचायत सहायकों द्वारा इसके लिए डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। इस पूरे काम के पर्यवेक्षण के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

### भारत के अविनाशी वैभव की गाथा गा रही काशी में विश्वनाथ धाम की भव्यता

पीएम ने कहा कि आज तीर्थों का विकास भी हो रहा है और भारत आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर में नए रिकॉर्ड भी बना रहा है। काशी में विश्वनाथ धाम की भव्यता भारत के अविनाशी वैभव की गाथा गा रही है। महाकाल का महालोक अमरता का प्रमाण दे रहा है। केदारनाथ धाम भी विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। बुद्ध सर्किट का विकास कर भारत दुनिया को बुद्ध की तपोभूमि पर फिर आमंत्रित कर रहा है। अगले कुछ सप्ताह में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भी पूरा होने जा रहा है।

**बनारस की झलक दिखा देती है देश में विकास की रफ्तार :** पीएम ने कहा कि देश में विकास की रफ्तार क्या है, इसकी झलक अकेला बनारस ही दिखा देता है। काशी विश्वनाथ परिसर धाम के निर्माण को पिछले सप्ताह दो वर्ष पूरे हुए। इसके बाद से बनारस में रोजगार, व्यापार व कारोबार नई तेजी पकड़ चुका है। पहले एयरपोर्ट पर पहुंचते ही चिंता होती थी कि शहर तक कैसे पहुंचेंगे। टूटी सड़कें और हर ओर अव्यवस्था यही बनारस की पहचान थी, लेकिन अब बनारस का मतलब है विकास, आस्था के साथ आधुनिक सुविधाएं। बनारस आज विकास के अद्वितीय पथ पर अग्रसर है। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, आचार्य स्वतंत्र देव जी महराज, संत प्रवर विज्ञान देव जी महराज आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री ने लोगों से किए नौ आग्रह

## अपने गली-मोहल्लों को स्वच्छ रखें, पानी की हर एक बूंद बचाएं

**पहला आग्रह :** पानी की बूंद- बूंद बचाइए, जल संरक्षण के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें।
**दूसरा आग्रह :** गांव-गांव जाकर लोगों को डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरूक कीजिए व ऑनलाइन पेमेंट सिखाइए।
**तीसरा आग्रह :** अपने गांव-मोहल्ले-शहर को स्वच्छता में नंबर एक बनाने के लिए कार्य कीजिए।
**चौथा आग्रह :** स्थानीय उत्पादों को प्रमोट कीजिए। मेड इन इंडिया प्रोडक्ट का प्रयोग कीजिए।
**पांचवां आग्रह :** जितना हो सके, पहले अपने देश को देखिए। अपने देश में घूमिए। जब तक पूरा देश नहीं देख लेते, विदेशों में जाने का मन नहीं बनाना चाहिए। धन्नासेठों से भी कहता हूं कि विदेशों में जाकर शादी क्यों करते हैं। भारत में शादी करो।
**छठवां आग्रह :** प्राकृतिक खेती के प्रति अधिक से अधिक किसानों को जागरूक करते रहिए।
**सातवां आग्रह :** मिलेट्स (श्रीअन्न) को रोजमर्रा के खाने में शामिल करें।
**आठवां आग्रह :** फिटनेस (योग, खेल) को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाइए।
**नौवां आग्रह :** कम से कम एक गरीब परिवार का संबल बनिए।

### पहली बार देश का प्रधानमंत्री जनता के बीच जाकर ले रहा योजनाओं की जानकारी : योगी

**केटी न्यूज ब्यूरो/वाराणसी**

देश में पिछले साढ़े 9 साल में जो परिवर्तन देखने को मिला है, वो हमारे विश्वास का परिवर्तन है। ये नया भारत मोदी की गारंटी का भारत है। ये नया भारत सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ बिना भेदभाव के देने की गारंटी देता है। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी गांव गांव में मोदी जी की गारंटी की गाड़ी बन रही है। जो लोग अभी तक वंचित हैं उन्हें योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के देने की गारंटी है ये नया भारत। हम 2047 तक भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाकर एक विकसित भारत बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सेवापुरी ब्लॉक के बरकी ग्राम सभा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा (ग्रामीण क्षेत्र) कार्यक्रम के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज हम सब देशवासी एक नये भारत का दर्शन कर रहे हैं। एक ऐसा भारत जिसपर 140 करोड़ भारतवासी गौरव की अनुभूति कर रहा है। वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनते हुए पूरा देश देख रहा है। हम सब भारतवासी इस बात के लिए अभिभूत हैं कि पहली बार गरीब किसी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना है। बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ और योजनाओं की जानकारी मोदी जी की गारंटी वैन के माध्यम से हमें देखने को मिल रही है।

## मधेपुरा में ट्रिपल मर्डर, पति-पत्नी और बेटे की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मधेपुरा जिला के सदर थाना क्षेत्र में सनसनीखेज कांड को अंजाम दिया गया। यहां अपराधियों ने घर में घुसकर एक ही परिवार के तीन लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी। मृतकों में पति, पत्नी और पुत्र शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मधेपुरा सदर थाना के भराहीं सहायक थाना क्षेत्र के सकरपुरा गांव में अपराधियों ने एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी। मृतकों की पहचान सूर्य नारायण साह, उनकी पत्नी अनिता देवी और उनके पुत्र प्रद्युम्न साह के रूप में की गई है।

बताया जा रहा है कि सूर्य नारायण शाह का अपने ही बड़े भाई रामनारायण शाह से कई वर्षों से जमीन विवाद चल रहा था। इसको लेकर दोनों पक्षों में कई बार मारपीट की घटना हुई थी। जमीन विवाद का मामला कोर्ट में चल रहा है। सूर्यनारायण साह की छोटी बेटी रेणु कुमारी ने बताया कि उनके पिता से उनके बड़े पापा रामनाराण साह को जमीन विवाद चल रहा था। इधर घटना की सूचना मिलते ही एसपी राजेश कुमार, एएसपी प्रवेंद्र भारती पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर तहकीकात की। मौके पर पहुंचे कोसी रेंज के डीआईजी शिवदीप लांडे ने कहा है कि घटनास्थल का जायजा लेने के बाद एक बात तो साफ हो गई है कि मारने वाले की हत्या करने की नीयत पहले से स्पष्ट थी। जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा।

## कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने काशी की एक लाभार्थी महिला से पूछा, क्या आप चुनाव लड़ेंगी


- चंदा देवी का आत्मविश्वास देख प्रभावित हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- महिला बोली... आपके प्रयासों से हम कदम मिलाकर चलना चाहते हैं

**केटी न्यूज/वाराणसी**



विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हर कोई उस समय आश्चर्य चकित रह गया जब एक लाभार्थी महिला से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूछ लिया कि क्या वो चुनाव लड़ेंगी। दरअसल, सोमवार को वाराणसी के सेवापुरी ब्लॉक स्थित बरकी ग्राम सभा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में पीएम मोदी के सामने लाभार्थी महिला चंदा देवी अपने अनुभवों को साझा कर रही थीं।

चंदा देवी के आत्मविश्वास से प्रभावित प्रधानमंत्री ने उनसे पूछा कि आपकी पढ़ाई कितनी हुई है। चंदा देवी ने बताया कि वो इंटर तक पढ़ी हुई हैं। इसपर प्रधानमंत्री ने पूछा कि आप इतना बढ़िया भाषण देती हैं, क्या पहले चुनाव लड़ चुकी हैं? इसपर चंदा देवी ने इनकार किया। इसके तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने चंदा देवी से पूछा कि क्या आप चुनाव लड़ेंगी? चंदा देवी ने कहा कि वो चुनाव नहीं लड़ेंगी मगर वो प्रधानमंत्री से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि आपके प्रयासों से हम कदम मिलाकर चलना चाहते हैं। आपके सामने उपस्थित होना और दो बातें कहना मेरी लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री ने चंदा देवी से उनके बच्चों की पढ़ाई के बारे में भी पूछा। यह भी पूछा कि कामकाजी महिला होने पर परिवार का ध्यान रखने में कोई दिक्कत तो नहीं।




### जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम में नीतीश कुमार ने 78 लोगों की सुनी समस्यायें

# फोर लेन तो बन रहा, लेकिन सर्विस रोड पर नहीं है ध्यान

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। इसमें राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 78 लोगों की समस्याओं को उन्होंने सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

बक्सर जिले से आई मंजू देवी ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि डुमरांव प्रखंड के नुआंव पंचायत में बक्सर-पटना फोर लेन सड़क बनाई जा रही है। इस सड़क में अंडरपास का निर्माण किया गया है लेकिन सर्विस रोड एवं नाला का निर्माण नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मधुबनी जिले से आये तरुण कीर्ति ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुये कहा कि बिहार राज्य फसल सहायता योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2020 के लिए मिलनेवाली फसल क्षति की राशि अबतक मुझे नहीं मिल पाई है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

दरभंगा जिले से आयी सीता देवी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में मेरे पति की मृत्यु हो गई और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क दुर्घटना के बाद मिलनेवाली सहायता राशि मुझे अबतक नहीं प्राप्त हो सकी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कैमूर जिले से आए मो० इस्लाम खान ने कहा कि भभुआ जिला मुख्यालय से मेरे गांव पलका की दूरी 4 किमी है। जिला मुख्यालय से मेरे गांव तक सड़क का निर्माण कराया जाए। इस सड़क के बन जाने से मुंडेश्वरी धाम जाने की दूरी कम हो जाएगी और शहर का फैलाव भी दक्षिण दिशा की तरफ होगा। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

सीतामढ़ी जिले से आए रंजीत कुमार मिश्रा ने कहा कि रीगा चीनी मिल पुनः चालू किया जाए। इससे 5 हजार किसानों और मजदूरों को काफी लाभ होगा। क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने गन्ना (उद्योग) विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भागलपुर से आयी रीता सिंह ने कहा कि मेरे पति सरकारी सेवा में थे। सेवाकाल के दौरान ही उनकी मृत्यु हो गयी लेकिन मृत्यु के उपरांत बकाये वेतन का भुगतान, पारिवारिक पेंशन एवं अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति नहीं हो पायी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# बंदूक की नोक पर शेखपुरा के आशीर्वाद गोल्ड लोन बैंक से दो करोड़ रुपए के सोने की लूट

केटी न्यूज/पटना

बिहार में अपराधियों ने तांडव मचा रखा है। ऐसा कोई दिन नहीं होगा जिस दिन अपराधी क्राइम नहीं करते होंगे। आए दिन आपराधिक वारदातों को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। ताजा मामला बिहार के शेखपुरा जिले का जहां हथियारबंद अपराधियों ने आशीर्वाद गोल्ड लोन कंपनी को निशाना बनाया। आधा दर्जन नकाबपोश अपराधियों ने आशीर्वाद गोल्ड बैंक में घुसकर 5 किलो सोना लूट लिया और हथियार लहराते मौके से फरार हो गये। लूटे गये सोने की कीमत दो करोड़ रुपये आंकी जा रही है। घटना बरबीघा प्रखंड के मुख्य बाजार की है जहां लूट की इस बड़ी घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। शेखपुरा जिले में इतनी बड़ी लूट की सूचना जब पुलिस को दी गयी तब आनन-फानन में पुलिस की पूरी टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद मामले की छानबीन शुरू की गयी।



गोल्ड लोन कंपनी के कर्मचारियों और मैनेजर से घटना की जानकारी ली गयी। फिलहाल पुलिस बैंक और आस पास के इलाके में लगे सीसीटीवी को खंगालने में जुटी है। आशीर्वाद गोल्ड लोन कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर विकास ने बताया कि आधा दर्जन अपराधी ग्राहक बनकर आए थे और अंदर घुसते ही सभी कर्मचारियों पर पिस्टल तान दिया और लॉकर रूम को तोड़कर 5 किलो सोना लेकर फरार हो गये।

# ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्याकांड में नाम आने के बाद हुलास पांडे ने लोजपा संसदीय बोर्ड से दिया इस्तीफा

केटी न्यूज/पटना

11 साल पहले हुए ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्याकांड की सीबीआई जांच में अपना नाम सामने आने के बाद चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (राष्ट्रीय) के संसदीय बोर्ड से हुलास पांडेय ने इस्तीफा दे दिया है। अपना इस्तीफा देने के बाद उन्होंने सीबीआई जांच पर हैरानी जताई है। हुलास पांडेय ने सीबीआई के अधिकारियों के ऊपर नाम जोड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ब्रह्मेश्वर मुखिया हत्या कांड में मेरा नाम जोड़ा जा रहा है, उसमें कहीं से कोई सच्चाई नही है। सत्य को परेशान किया जा सकता है पराजित नही। लोजपा नेता ने कहा कि 2012, 13 की घटना है ये। 10 वर्षों के बाद मेरा नाम जोड़ना कहीं न कहीं से चुनावी षड़यंत्र है। जब जब चुनाव आता है मेरा नाम जोड़ कर पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की जाती है। आप सब इस घटना का अध्ययन करेंगे आरा और गांव जाएंगे तब आपको पता चल जाएगा



कि लोग क्या कहते हैं। हुलास पांडेय ने कहा कि मेरा नाम इसमें जोड़ने वालों का मैं नाम नही लेना चाहता। किसी का नाम लेकर उसका कद नही बढाना चाहता हूं। ब्रह्मेश्वर मुखिया जी की हत्या से मेरा क्या फायदा और मेरा कोई मतलब रहा हीं नहीं है। इस हत्या कांड के आरोपी का नाम उजागर करने वाले को 10 लाख का इनाम देने की घोषणा हुई थी। लगता है 10 लाख के लालच में कोई खड़ा हो गया हो। हत्या के दिन मैं अपने सरकारी आवास पर था।

## एक नजर

### चार दशक से अधिक समय से लंबित डैम पर लगे लोहे का गेट, सांसद ने सदन में उठाया मामला



**औरंगाबाद।** बिहार-झारखंड के अति महत्वपूर्ण परियोजना उत्तर कोयल नहर परियोजना के संदर्भ में सांसद सुशील कुमार सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का ध्यान आकृष्ट करवाया है। सांसद ने लोकसभा में नियम 377 के तहत कहा कि इस परियोजना से बिहार - झारखंड के करीब 25 लाख किसानों की 1.25 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। परियोजना का कायारंभ 1975 में हुआ था जिसमें अब तक हजारों करोड़ रुपये से अधिक खर्च की जा चुकी है। इसके बावजूद भी दोनों राज्यों के तीन जिलों पलामू, औरंगाबाद एवं गया के किसान एक निश्चित सिंचाई सुविधा से वंचित है। जबकि शेष कार्यों को पूर्ण करने हेतु 2017 में केंद्रीय मंत्री परिषद ने 1622 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। भारत सरकार से मांग है कि लाखों किसानों के हित में 48 वर्षों से लंबित परियोजना के मंडल डैम में अविलंब लोहे का गेट लगाया जाए।

### जहानाबाद एसडीओ ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**जहानाबाद।** एसडीओ अविनाश कुमार सोमवार को अचानक उत्क्रमित उर्दू कन्या मध्य विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण कर पठन-पाठन मध्यान भोजन इत्यादि की जानकारी ली। एसडीओ ने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापुर पढ़ाई, मध्यान भोजन, सही समय पर शिक्षक विद्यालय पहुंच रहे हैं या नहीं। इसकी जांच की गई। इस दौरान कई शिक्षकों के मीटिंग में जाने की बात सामने आई है। इसकी जांच होगी। गलत पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लगातार विद्यालय का निरीक्षण किया जायेगा।

### अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन का चला बुलडोजर

**जहानाबाद।** अतिक्रमण कारियों पर प्रशासन का चला बुलडोजर स्टेशन से लेकर बस स्टैंड तक सड़क के किनारे लगाए गए दुकानों को प्रशासन द्वारा हटाया गया। सड़क को अतिक्रमण कर फुटपाथी दुकानदार दुकान लगा देते हैं, जिसके कारण लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। सड़क के किनारे दुकान लग जाने के कारण जाम की भी समस्या बनी रहती है। कभी-कभी इसके कारण दुर्घटना भी होती है प्रशासन द्वारा बार-बार अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दिया जाता है कि सड़क के किनारे दुकान नहीं लगायें लेकिन अतिक्रमणकारियों अपने कारनामों से बाज नहीं आते हैं और सड़क के किनारे फुटपाथ की दुकान लगाकर दुकान चलाते हैं। हद तो तब हो गई की कुछ लोग सड़क अतिक्रमण कर सड़क पर ही करकट लगाकर दुकान चलाने लगे, प्रशासन द्वारा सभी लोगों को आदेश दिया गया कि अपनी दुकान सड़क से हटा लें लेकिन अतिक्रमणकारियों दुकान नहीं हटाए तो प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर सैकड़ों दुकान को हटाया गया।

## औरंगाबाद डीएम ने विकास योजनाओं को लेकर की बैठक

# लंबित पड़े सभी विकास कार्यों को समय से पूरा करें अधिकारी: डीएम

- जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार को विभागीय निर्देश के आलोक में विशेष केंद्रीय सहायता योजना का प्रतिवेदन योजना एवं विकास विभाग को भेजने का निर्देश

केटी न्यूज/औरंगाबाद

सभी विभागों का समन्वय सह फॉलो अप बैठक का आयोजन जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय सभागार में किया गया। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में अपर समाहर्ता द्वारा जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार को विभागीय निर्देश के आलोक में विशेष केंद्रीय सहायता योजना का प्रतिवेदन योजना एवं विकास विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया। खनिज विकास पदाधिकारी विकास कुमार को जिला खनिज फाउंडेशन का ऑडिट और एनुअल रिपोर्ट की अद्यतन स्थिति एवं अनुपालन प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सहायक निर्देशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग अमृत ओझा को सभी प्रखंडों में भ्रमण कर मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत स्टेडियम से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी नीलम मिश्रा को एससी-एसटी एक्ट अंतर्गत दर्ज लंबित कांडों की अद्यतन स्थिति का प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा कृषि गणना से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को शेष बचे पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु भूमि से संबंधित प्रस्ताव जिला पंचायत शाखा में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। अपर समाहर्ता द्वारा अभियान बसेरा अंतर्गत लाभुकों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया।



### डीएम ने विद्यालय के विकास व बुनियादी सुविधाओं पर दिया जोर

औरंगाबाद। शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के अध्यक्षता में आहूत की गई। जिला पदाधिकारी ने केजीवीवी, दाउदनगर में भवन निर्माण में आ रही समस्या का समाधान कर भवन निर्माण पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसे सभी उच्च विद्यालय जहां 15 लाख से अधिक की राशि खाते में उपलब्ध है, कनीय अभियंता से जांच कर प्रतिवेदन प्राप्त करें एवं उक्त विद्यालय अथवा आस-पास के आवश्यकता वाले विद्यालयों में खाते में पड़ी राशि से आवश्यकतानुसार कार्य करायें। इसके अतिरिक्त 6 प्वाइंट रिपोर्ट की समीक्षा की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रीफैब संरचना का कार्य 10 विद्यालयों में पूर्ण हो गया है। शेष चिन्हित विद्यालयों में दिसम्बर माह में कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

### वन स्टॉप सेंटर एवं अल्पावास गृह में प्राप्त वादों की हुई समीक्षा

**औरंगाबाद।** आईसीडीएस महिला एवं बाल विकास निगम एवं वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा बैठक जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के अध्यक्षता में योजना भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान वन स्टॉप सेंटर एवं अल्पावास गृह में प्राप्त वादों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान वन स्टॉप सेंटर के केन्द्र प्रशासक को वन स्टॉप सेंटर का माहवार प्राप्त वाद एवं निष्पादित वाद का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। इसके बाद परियोजना वार बाल विकास परियोजना सेवाएं के तहत संचालित गतिविधियों का बिंदुआर समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान केन्द्रों का निरीक्षण लक्ष्य के अनुरूप करने का निदेश सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका को दिया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के संबंध में कम प्रगति का कारण पूछे जाने पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पत्रचार के वावजूद आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नही कराने के कारण प्रगति नही हो पा रही है। जिला पदाधिकारी द्वारा बैठक के कम में ही स्वास्थ्य विभाग को दूरभाष पर निर्देश दिया गया की इसमें आवश्यक सहयोग कर आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान बैंक से आने वाले समस्या हेतु एलडीएम से पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि जो भी समस्या अन्य विभागों से होती है उसकी चर्चा जिला प्रोग्राम पदाधिकारी समन्वय बैठक में आवश्यक रूप से उठाएं ताकि उसका समाधान किया जा सके। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी एवं सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की 100 केन्द्रों को चिन्हित कर सूचि उपलब्ध कराएं ताकि उसका सौन्दर्गीकरण कराया जा सके।

# दरवाजे पर बैठी जज की मां के गले से छीन ली सोने की चेन

केटी न्यूज/औरंगाबाद

बच्चों के साथ दरवाजे पर बैठी न्यायाधीश की मां से चैन छिनतई का मामला सामने आया है। मामला शहर के अति सुरक्षित एरिया ब्लॉक कॉलोनी का है। जहां दो बाइक सवार चैन स्नेचरों ने वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। हालांकि वारदात की पूरी घटना क्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसके आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है। जानकारी के अनुसार सिविल कोर्ट के एसीजेएम वन सौरभ सिंह की मां सोमवार की दोपहर बच्चों के साथ अपने आवास के दरवाजे पर बैठी थी। इस दौरान बच्चे पास में ही खेल रहे थे। इसी क्रम में नकाब पोश दो चेन स्नेचर उनके गले से सोने की चेन स्नेचिंग कर फरार हो गए। स्नेचिंग से महिला के गले पर मामूली निशान आ गए हैं। जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, महासचिव नागेंद्र सिंह एवं अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने इस घटना की निंदा की है और अपराध कर्मियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही इस घटना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाया है। कहा है कि चोरी-छिनतई की बढ़ती घटना से आम जन चिंतित है।

### जहानाबाद में ट्रैक्टर से गिरने से बच्चे की मौत

**जहानाबाद।** शकूराबाद थाना क्षेत्र के पांडेचक गांव में ट्रैक्टर से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि गांव के बधार में आजाद कुमार उम्र 13 वर्ष नामक बालक ट्रैक्टर पर बैठकर खेत जोतवा रहा था। तभी ड्राइवर द्वारा तेज रफ्तार से ट्रैक्टर चलाने के कारण बालक ट्रैक्टर से गिर गया जिसके कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना की सूचना जैसे ही परिवार जनों को लगी परिवारजन दौड़े दौड़े घटनास्थल पर पहुंचे ,और इसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर द्वारा इस बालक को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही परिवार जनों को मौत की खबर लगी परिवार में कोहराम मच गया परिवार जनों के रोते-रोते बुरा हाल है। मृतक के चाचा संतोष कुमार ने बताया कि यहां बालक ट्रैक्टर पर बैठकर खेत जोतवा रहा था तभी अचानक ट्रैक्टर से गिर गया

वहीं दूसरी घटना बभना बाईपास के समीप से एक अज्ञात लाश बरामद हुआ है। गांव के लोग जब सड़क के किनारे गए तो देखा कि एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है इसकी सूचना नगर थाने के पुलिस को दी गई।






### चार कुख्यातों पर इनाम घोषित

**औरंगाबाद।** राज्य सरकार ने औरंगाबाद के चार कुख्यात फरार चल रहे अपराधियों की सूचना देने पर इनाम की घोषणा की है। इस बारे में एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने कहा कि इनके संबंध में सूचना देने वालों को इनाम दिया जाएगा। इसमें मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुआ गांव निवासी बुली चौहान उर्फ सुदीन चौहान पर 25000 रुपए, ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भरूब निवासी गुप्तेश्वर पासवान उर्फ बूढ़ा पासवान पर 25000 रुपए, मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत भलुआरा गांव निवासी उत्तम कुमार पर 15000 रुपए एवं रिसियप थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनिया बिगहा निवासी राहुल पर 10000 रुपए की पुरस्कार राशि की घोषणा की गई है।

# सभी थाना में स्टेशन डायरी होगी ऑनलाइन, लोगों की समस्याओं का पारदर्शी तरीके से होगा निराकरण: एसपी

केटी न्यूज/औरंगाबाद

बिहार पुलिस हाईटेक हो रही है। जिले के एक क्लिक से अपने क्षेत्र के सभी थानों की स्टेशन डायरी में क्या-क्या दर्ज है जान सकेंगे। इसके अलावा थाना का कौन सा अधिकारी कहां ड्यूटी कर रहा है, किस अपराधी को कब पकड़ कर थाने लाया गया, इन सभी सवालों का जवाब ऑनलाइन दिख सकेगा जिसके मद्देनजर 16 दिसंबर से यह लागू है। एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि थाना की कार्यशैली को बेहतर और ज्यादा पारदर्शी बनाने के लिए बिहार पुलिस के द्वारा उठाये गये



कई कदम के अंतर्गत ज़िले के सभी थाना में स्टेशन डायरी को सीसीटीएनएस पोर्टल पर रियल टाईम में ऑनलाईन कर दिया गया है। 16 दिसंबर से सभी थाना में ऑफलाईन होने वाली स्टेशन डायरी के कार्य को बंद करते हुए रियल टाईम में ऑनलाईन कर दिया गया है। अब थाना आने वाली सभी आम जनता की जो भी शिकायत या अन्य कोई फरियाद होती थी, जिसमें पहले ऑफलाईन स्टेशन डायरी प्रविष्टि करने में कई बार देरी हो जाती थी उसे बचा जा सकेगा और आम जनता का थाना में जाने पर समय भी बचेगा, क्योंकि ऑनलाईन स्टेशन डायरी होने से त्वरित रूप से सभी की शिकायतों को ऑनलाईन रजिस्टर करने के उपरांत उस पर कार्रवाई भी जल्द आरंभ हो जाएगी। इसके साथ ही आमजन को थाना में ज्यादा इंतजार नही करना पड़े और त्वरित रूप से उनकी समस्याओं का पारदर्शी ढंग से निराकरण किया जा सके।

# यौन शोषण के आरोपी मोहनिया डीएसपी सस्पेंड

केटी न्यूज/सासाराम

कैमूर जिले के मोहनिया अनुमंडल के डीएसपी फैज अहमद खान को पुलिस हेडक्वार्टर ने सस्पेंड कर दिया है। इनके ऊपर अधीनस्थ महिला दारोगा का यौन शोषण करने का आरोप लगा था। जिस मामले की जांच की मांग पीड़ित महिला दारोगा ने कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा से की थी।

मोहनिया डीएसपी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाए जाने के बाद महिला डिप्टी कलक्टर और महिला थाना प्रभारी सहित तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराया तो जांच में मामला सही पाया गया। जिसके बाद कैमूर एसपी ने जांच रिपोर्ट शाहाबाद रेंज के डीआईजी नवीन चंद्र झा को भेजी। नवीन चंद्र झा



द्वारा मोहनिया डीएसपी फैज अहमद खान को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई करने और मोहनिया से तबादला करने की अनुशंसा की थी। इसके बाद सरकार ने एक्शन लेते हुए इन्हें आज सस्पेंड कर दिया है। कैमूर जिले में उच्च पदाधिकारी का यौन उत्पीड़न का यह कोई पहले नया मामला नहीं है। बल्कि इसके पहले भी कैमूर के एसपी रह चुके पुष्कर आनंद पर तत्कालीन भभुआ डीएसपी निर्मला कुमारी द्वारा यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। कैमूर पुलिस अधिकारियों के यौन उत्पीड़न को लेकर लगातार सुर्खियों में रहा है।

### जांच में आरोप को सही पाया गया

इस मामले की जांच की मांग पीड़ित महिला दारोगा ने कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा से की थी। मोहनिया डीएसपी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाए जाने के बाद महिला डिप्टी कलक्टर और महिला थाना प्रभारी सहित तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराया तो जांच में मामला सही पाया गया। इसके बाद कैमूर एसपी ने जांच रिपोर्ट शाहाबाद रेंज के डीआईजी नवीन चंद्र झा को भेजी। नवीन चंद्र झा द्वारा मोहनिया डीएसपी फैज अहमद खान को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई करने और मोहनिया से तबादला करने की अनुशंसा की थी। इसके बाद सरकार ने एक्शन लेते हुए इन्हें आज सस्पेंड कर दिया है।

**फोन पर अश्लील चैट करने का था आरोप:** दरअसल मोहनिया के डीएसपी फैज अहमद खान द्वारा एक महिला सब इंस्पेक्टर के साथ फोन पर अश्लील चैट करने ,उसे लगातार परेशान करने ,उसके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजने सहित उसे प्रताड़ित करने की शिकायत की गई थी। जांच के दौरान पाया गया कि महिला सब इंस्पेक्टर द्वारा जो भी आरोप लगाया जा रहा था, वह सब सही था।




# छात्रों में प्रतिस्पर्द्धा की भावना भर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है हमारा लक्ष्यः एसके सिंह

♦ बिहार सेंट्रल स्कूल की अनोखी पहल, हर महीने होती है परीक्षा, अव्वल छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र दे किया जाता है प्रोत्साहित

**केटी न्यूज/बक्सर**





परीक्षा का नाम सुनते ही छात्रों के मन में तनाव उत्पन्न होने लगता है। परीक्षा को बला नहीं कला समझना चाहिए। यही कारण है कि विद्यालय परिवार छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धी माहौल में हर महीने परीक्षा का आयोजन करता है। उक्त बातें बिहार सेंट्रल स्कूल के सेक्रेटरी सरोज कुमार सिंह ने सोमवार को केशव टाइम्स के साथ विशेष भेंट में कही। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास छात्रों को आधुनिक व तकनीकी शिक्षा के साथ ही उनमें प्रतिस्पर्द्धा की भावना जगा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। यही कारण है कि हर महीने छात्रों की परीक्षा ली जाती है तथा प्रत्येक कक्षा में अव्वल आनेवाले छात्रों को मेडल, ट्राफी तथा सर्टिफिकेट दिया जाता है। ताकी छात्रों का मनोबल बढ़े और अधिक से अधिक छात्र बेहतर करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि इसके अलावे जो छात्र विद्यालय परिसर में अंग्रेजी में बात करते है उन्हें भी महीने के आखिरी में मेडल देकर सम्मानित किया जाता है। जबकि मंथली टेस्ट में 40 प्रतिशत या इससे कम अंक लाने वाले छात्रों के अभिभावक को बुला उनसे खुद भी छात्रों पर ध्यान रखने तथा घर पर उसकी पढ़ाई संबंधित गतिविधियों की जानकारी देने को कहा जाता है। सेक्रेटरी ने कहा कि उनका मकसद छात्रों को बेहतर शिक्षा देना है। वही उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा गरीब परिवार के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा भी दिया जाता है। उन्होंने बताया कि सभी कक्षाओं में 25 प्रतिशत छात्र निःशुल्क पढ़ाई करते है। सेक्रेटरी एसके सिंह की मानें तो कैरकुलम के आधार पर शिक्षकों द्वारा छात्रों को पूरे महीने पढ़ाया जाता है उसके बाद उनका टेस्ट लिया जाता है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहता है कि वे जिले के अन्य स्कूलों से कुछ बेहतर करें। इस प्रयास में हमारे शिक्षक काफी सराहनीय भूमिका निभाते है। एसके सिंह की मानें तो छात्रों को पठन पाठन के अलावे बेहतर माहौल देने के लिए खेलकूद, संगीत सहित अन्य एक्ट्रा एक्टिविटि भी करवाया जाता है। वही विद्यालय परिसर को हरा भरा बना माहौल को खुशनुमा बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि बक्सर के अलावा डुमरांव में भी हमारे स्कूल का एक ब्रांच है।

## खबरें फटाफट

### पॉकेटमारी करते रंगेहाथ पकड़ाए दो पॉकेटमार

**डुमरांव।** सोमवार की शाम डुमरांव बाजार में दो पॉकेटमारों को एक बुजुर्ग से पॉकेटमारी करते हुए लोगों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। इसके बाद दोनों की जमकर धुनाई करते हुए उन्हें स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए पॉकेटमारों की पहचान मुरार गांव निवासी दीपक डोम व बबलू कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शाहपुर के एक बुजुर्ग किसी काम से सोमवार को डुमरांव आए थे। अपराह्न में वे स्थानीय बाजार में कुछ सामानों की खरीददारी कर रहे थे, इसी दौरान दोनों ने मिल उनके पॉकेट से 3400 रूपए चुरा लिए। लेकिन उनकी हरकतों पर बाजार में मौजूद कुछ युवकों की नजर पड़ गई। जिसके बाद युवकों ने दोनों को पकड़ लिया तथा बुजुर्ग को इस घटना की जानकारी दी। दोनों के पास से बुजुर्ग के पॉकेट से निकाला गया 3400 रूपया भी मिला। जिसके बाद लोगों ने पॉकेटमारों की जमकर पिटाई कर डुमरांव पुलिस को सौंप दिया। डुमरांव थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## डुमरांव में निजी अस्पतालों की मनमानी बना लोगों की सेहत के लिए खतरा

# बायोमेडिकल कचरा का निस्तारण के बजाय सड़क किनारे फेंक रहे अस्पताल

♦ सड़क किनारे चाटों में फेंका गया है रुई, सुई, कटा हुआ प्लास्टर, ग्लूकोज की बोतलें तथा कई तरह की दवाइयां

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शहर के कई निजी अस्पतालों में खतरनाक व जहरीले बायोमेडिकल कचरा को निस्तारण करने की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे अस्पताल जहरीले बायोमेडिकल कचरा को सड़क किनारे फेंकने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता से निजी अस्पताल संचालक जहां-तहां बायोमेडिकल कचरा फेंक कर लोगों की सेहत में जहर घोल रहे हैं और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बना रहे हैं।

डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में शामिल डीके कॉलेज रोड सहित अन्य सड़क किनारे चाटों में भारी मात्रा में बायोमेडिकल कचरा फेंका गया है, जिसमें रुई, सुई, कटा हुआ प्लास्टर, गलूकोज की बोतलें तथा कई तरह की दवाइयां व मेडिकल वेस्ट शामिल है। यह मेडिकल वेस्ट केवल मानव के लिए ही नहीं बल्कि मवेशियों के लिए भी खतरा बन गया है। यह कचरा मरीजों के उपयोग के बाद भले ही बेकाम हो गया हो लेकिन उसमें से निकलने वाले खतरनाक रसायन व कीटाणु संक्रमण फैला सकता है। लोगों का कहना है कि अक्सर जहरीले कचरे से झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चे कबाड़ चुनते है और यहां से प्लास्टिक के सामानों को चुनकर उसे बेचते है और अपना जीविकोपार्जन करते है। ऐसे बच्चे बायोमेडिकल कचरा के संपर्क में आकर बीमार पड़ सकते है। जानकारों की माने तो इलाके में कई निजी अस्पताल का संचालन होता है और वहां से निकले कचरे निस्तारण के बदले जहां-तहां फेंक दिया जाता है। यह कचरा ज्यादा हानिकारक होने के साथ ही लोगों की सेहत पर भी असर डालता है। कचरे से निकली बदबू राहगीरों के लिए मुश्किलें बन गयी है। बताया जाता है कि यह जहरीला कचरा सामान्य कूड़े के साथ डंप नही किया जा सकता। इसे न तो खुले में छोड़ा जा सकता है और न ही पानी में बहाया जा सकता है और तो और अन्य कचरे की भांति सामान्य तरीके से डंप भी नहीं किया जा सकता। बायोमेडिकल कचरा उठाव के लिए अलग प्रक्रिया अपनायी जाती है। ऐसे कचरा के निस्तारण को लेकर निजी अस्पतालों को मानकों का पालन करना चाहिए। इसके लिए कचरा निस्तारण को लेकर इंसुलेटर प्लांट को आवश्यक बताया गया है लेकिन कई अस्पतालों में ऐसी व्यवस्था नहीं है। केवल अनुमंडलीय अस्पताल में इसके लिए दो पीट बनाये गये हैं।

### बायोमेडिकल कचरा प्रबंध का ऐसे करे पालन

1. बायोमेडिकल कचरे को सामान्य कचरे में नहीं मिलाना चाहिए।
2. कचरे को जलाकर नष्ट न करें।
3. बायोमेडिकल कचरे को बंद डस्टबीन में रखना चाहिए।
4. इसकी नियमित रूप से उठाव की व्यवस्था हो।
5. बायोमेडिकल कचरा प्रबंधन की जानकारी के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाना चाहिए।

### क्या कहते हैं सिविल सर्जन

निजी अस्पतालों को वायो वेस्ट के समुचित निस्तारण का निर्देश दिया गया है। इसका उल्लंघन करने वाले निजी अस्पतालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।
**- डा. एससी सिन्हा, सीएस, बक्सर**

## एक नजर

### चौसा नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में निविदा के माध्यम से योजनाओं को पूरा करने का निर्णय

**चौसा।** सोमवार को चौसा नगर पंचायत के सशक्त स्थाई समिति व सामान्य बोर्ड की बैठक गहमागहमी के बीच संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मुख्य पार्षद किरण देवी ने किया। सामान्य बोर्ड की बैठक में वार्ड पार्षदों के द्वारा नगर में विकास कार्य ठप्प होने का मुद्दा जोरों से उठाया गया। इस मुद्दे पर चेयरमैन व पार्षदों के बीच देर तक बहस होते रही। पार्षद यह पूछते सुने गए कि आखिर कबतक चौसा में विकास कार्य शुरू होंगे। इस दौरान विकास कार्यों में उत्पन्न हो रही बाधाओं की समीक्षा की गई। वही मुख्य पार्षद ने कहा कि चौसा नगर पंचायत के प्रखंड परिसर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं नगर पंचायत कार्यालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ सुबह में टहलने वाले लोगों के लिए चौसा स्टेशन रोड एवं चुन्नी रोड में बैठने के लिए कुर्सी एवं लाइट की व्यवस्था के साथ कनक नरायणपुर खेल मैदान को विकसित कर पार्क बनाया जाएगा। साथ ही अखौरीपुर गोला खेल मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि बुडको के प्रबंध निदेशक ने चौसा नगर पंचायत के तीन घाट प्रथम फेज में रानी घाट, बाजार घाट और चौसा मल्लाह टोली घाट को विकसित किया जाएगा। सदस्यों की मांग पर नगर पंचायत के रानी घाट के बगल में शवदाह गृह के निर्माण के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम ने बताया कि सशक्त स्थाई समिति की बैठक में पूर्व से पारित किसी भी विकास योजनाओं को डिपार्टमेंटल नहीं कराने का निर्णय लेते हुए पूर्व से पारित सभी योजनाओं को निविदा के माध्यम से कराने का निर्णय लिया गया। नगर के विकास में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं उत्पन्न होगी। इस दौरान उपमुख्य पार्षद सरिता देवी, ललिता देवी, ह्रदयनरायण यादव, चंदन चौधरी, आनंद रावत, छोटे लाल चौधरी, शैल कुमारी, दिनेश सिंह, अंजू कुमारी, नयनतारा देवी, शिला देवी, पुष्पा देवी सही अन्य वार्ड पार्षद उपस्थित थे।

### श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए प्राण प्रतिष्ठा निमित पूजित अक्षत को घर-घर पहुंचाएगी विहिप



**बक्सर।** सोमवार को स्थानीय बसांव मठिया प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद द्वारा अयोध्या से आए श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए प्राण प्रतिष्ठा निमित पूजित अक्षत को गांव गांव घर-घर तक पहुंचाने के लिए कलश वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन मठ के पीठाधीश्वर पूज्य श्री अनंत अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महाराज के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय संत प्रमुख कन्हैया पाठक ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसांव पीठाधीश्वर ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हम सभी राम मंदिर निर्माण के साक्षी बन रहे हैं। वही अपने संबोधन में प्रांत कार्यवाह राजेंद्र ने कहा कि हमारे पूर्वजों के बलिदान का फल है कि आज हम सभी अपने आंखों से राम मंदिर बनते हुए देख रहे हैं। इसका इंतजार हम सभी को 500 वर्षों से था जो 22 जनवरी को पूरा होगा। उन्होंने कहा कि पूजित अक्षत को घर घर पहुंचाना विहिप का लक्ष्य है। इसी उदेश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक डा. राजेश मिश्र ने किया। मौके पर संयोजक संजय राय, सहसंयोजक राघवजी, सिद्धनाथ मिश्र, अहिरौली मठिया महंतजी, श्रीनिवास मंदिर महंतजी, संघ प्रांत कार्यवाहक राजेंद्रजी, पुनीत सिंह, राजेश सिन्हा, श्रीमन तिवारी, ओमप्रकाश गुप्ता, विनोद राय, बबलू ओझा, अरविंद सिंह, अवधेश पांडेय, ईश्वर दयाल, मकसूदन, अजीत, मदनजी दुबे, मुन्ना यादव, दीपक पांडेय, सुनील सिंह, अंशु पांडेय, नारायणजी ओझा, धनंजय मिश्र समेत सभी प्रखंडों के विहिप कार्यकर्ता, भाजपा के मंडल अध्यक्ष और भारी संख्या में सनातन प्रेमी मौजूद थे।

## फुआ के घर आए युवक की हत्या शरीर पर जख्म के कई निशान

**केटी न्यूज/बक्सर**



सोमवार की सुबह बक्सर के धोबी घाट इलाके में सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा था। उसके शरीर पर जख्म के कई निशान थे। इसकी सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तथा युवक को उठा सदर अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के धर्मपुरा गांव निवासी संतोष ओझा के पुत्र रामेश्वर ओझा के रूप में हुई।

जानकारी के अनुसार वह रविवार को ही अपने गांव से बक्सर स्थित फुआ के घर आया था। सुबह में धोबी घाट इलाके मे सड़क किनारे उसका शव पड़ा था। शव देखने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उसकी बेरहमी से पिटाई की गई है। उसके शरीर पर जख्म के कई गहरे निशान मिले हैं। इस घटना के बाद पीड़ित परिजनों में आक्रोश व शोक की लहर दौड़ गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। वही इस मामले में मृतक के पिता ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले का अनुसंधान शुरू कर दिया है।

## बाबू राजमोहन सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का आगाज

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



प्रखंड के हनुमंत धाम कुटी धरौली धाम में दिल्ली नगर निगम के आयुक्त रहे स्थानीय निवासी स्व. राजमोहन सिंह की पुण्य स्मृति में आयोजित बाबू राजमोहन सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का सोमवार को शानदार आगाज हुआ। जिसमें पहला मुकाबला उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले की टीम बारा बनाम स्थानीय टीम मुगांव के बीच हुआ। मैच का पहला गोल दागकर बारा की टीम ने शुरूआत में ही विपक्षी टीम पर बढ़त बना लिया, जो मैच के अंत तक जारी रहा। निर्धारित समय बाद बारा की टीम ने टूनार्मेंट का पहला मुकाबला मुगांव को 3-1 से हरा कर जीत लिया।

इससे पहले इस टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि डुमरांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अफाक अख्तर अंसारी तथा सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रजीत बहादुर सिंह ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया । वहीं स्पोटर्स से खासा लगाव रखने वाले डुमरांव एसडीपीओ ने बॉल को किक मारकर इस टूनार्मेंट का विधिवत शुरूआत किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डा. रमेश सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी मार्कण्डेय सिंह, जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष व मुखिया प्रतिनिधि राजू राय, राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी इस्लाम अंसारी, अखिल भारतीय रेल यात्री कल्याण संघ के महामंत्री राजीव रंजन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

उद्घाटन के बाद खिलाड़ियो एवं उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि खेल से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। खेल लोगों में प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ सामाजिक सहयोग एवं सौहार्द की भावना भी विकसित करती है। वहीं उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजनों से छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है और उसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पटल पर आने का मौका मिलता है। विदित हो कि बाबू राजमोहन सिंह मेमोरियल टूनार्मेंट का आयोजन 18 से 26 दिसंबर तक किया गया है। जिसमें टूनार्मेंट के विजेता टीम को 2 लाख 21 हजार तथा उप विजेता के लिए 1 लाख 21 हजार की राशि इनाम में रखी गई है। इस टूनार्मेंट के आयोजक स्व. राजमोहन सिंह के सुपुत्र व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह उर्फ फुड्डू सिंह हैं। टूनार्मेंट के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वालों में समिति के अरविंद सिंह, संजीव सिंह, मोनू सिंह, उमेश सिंह, विश्वनाथ सिंह आदि शामिल थे। जबकि मैच रेफरी के रूप में संतोष पाण्डेय की भूमिका सराहनीय रही।

### मुरार में 40 हजार नगद समेत लाखों की चोरी

**चौगाई।** मुरार थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला मनपा गांव का है जहां एक घर में चोरों ने बड़ा हाथ मारा है। घर में छत के रास्ते घुसे चोरों ने 40 हजार रूपए नकद के साथ ही लाखों रूपए के गहनों पर हाथ साफ कर लिया है। इस मामले में पीड़ित गृहस्वामी विनय कुमार ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। बता दें कि इसके पहले इसी थाना क्षेत्र के ठोरी पांडेयपुर, नचाप समेत कई अन्य गांवों में चोरी की घटनाएं हो चुकी है। वही एक बार फिर से हुई चोरी की इस वारदात से पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठने लगे है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं घटना के बाद से पीड़ित परिवार गहरे सदमें में है। चोरों की शिनाख्त नहीं होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

## डुमरांव के हाईस्कूल मैदान में खेली जा रही शहीद रविकांत क्रिकेट प्रतियोगिता

# मुजफ्फरपुर को 53 रनों से हरा हरियाणा सेमीफाइनल में

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शहीद रविकांत सिंह आईपीएस मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के ग्रुप ए का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला सोमवार को हरियाणा और मुजफ्फरपुर के टीम के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन के बदौलत मुजफ्फरपुर की टीम को 53 रनों से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एलेवन स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित टूनार्मेंट के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में हरियाणा के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए हरियाणा की टीम 20 वें ओवर में अपने सभी विकेटों को खोकर 139 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। हरियाणा के तरफ से साजिद सैफी ने 26 गेंदों में 37 रनों की तेजतर्रार पारी खेली। अर्जुन ने भी 27 रनों का योगदान दिया। मुजफ्फरपुर के तरफ से मोहित और आशीष ने तीन-तीन विकेट झटके। मुजफ्फरपुर के टीम द्वारा मैदान पर बेहद साधारण फिल्डिंग देखने को मिला।

140 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुजफ्फरपुर की टीम महज 16 वें ओवर में ही 86 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गयी। मुजफ्फरपुर के तरफ से सूरज और सोनू ने 21-21 रनों की पारी खेली। हरियाणा के तरफ से खतरनाक बॉलर हरीश भड़ाना साबित हुए, जिन्होंने 4 विकेट झटक मुजफ्फरपुर के बल्लेबाजों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। इस तरह हरियाणा ने दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले को 53 रनों से जीत सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अपनी घातक गेंदबाजी के बदौलत मैन ऑफ द मैच का खिताब हरीश भड़ाना ने अपने नाम किया। मंगलवार को फाइनल में जगह बनाने के लिए ग्रुप ए के हरियाणा और देवघर के टीमों के बीच भिड़ंत होगा। इसके पूर्व इस मैच का उद्घाटन संजय तिवारी, नंदजी सिंह, विनोद वर्मा व अरुण सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टॉस के दौरान संजय शर्मा व जियाउल हक अंपायर के साथ उपस्थित रहे। मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता, मनोज कुमार, अजितेश कुमार, वेद प्रकाश, निरंजन प्रसाद, नरेंद्र नाथ ओझा, अक्षय मिश्रा, सतीश जायसवाल, चेतन कुमार सहित अन्य गणमान्य व दर्शकगण मौजूद थे।



# कवियों ने कभी प्रेम रस बरसाया तो कभी देशभक्ति का जज्बा भरा

**केटी न्यूज/बलिया**

◆ बलिया के ददरी मेला में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन

ददरी मेला के भारतेंदु कला मंच पर रविवार की रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवियों और कवियत्रियों ने श्रोताओं पर अपनी रचनाओं से कभी प्रेम रस बरसाया तो कभी देशभक्ति का जज्बा भरा। इस दौरान किसी ने अपने काव्य के माध्यम से गुदगुदाया तो किसी ने श्रृंगार रस की कविता का पाठ कर माहौल को रोमांचक बना दिया।

इसके पूर्व कवि सम्मेलन का शुभारंभ परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि आल इंडिया रोड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व विधायक ई.त्रिभुवन राम व जेएनसीयू के कुलपति प्रोफेसर संजीत कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस दौरान नगर पालिका के अध्यक्ष संत कुमार उर्फ मिठाई लाल और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। इसके उपरांत चेयरमैन ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे दमदार गजेन्द्र सोलंकी ने अपने काव्य रचना तथा



हास्य व्यंग्य से लोगों को खूब गुदगुदाया और वीर रस की कविताओं राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। तत्पश्चात अनामिका जैन अंबर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इसके बाद बलिया के हर्ष पांडेय ने काव्य पाठ किया।

तदुपरांत सौरभ जायसवाल ने हास्य व्यंग से खूब वाहवाही बटोरी। इसके बाद प्रतिभा यादव ने अपने गीत और गजलों से खूब तालियां बटोरी। वाराणसी से आए सूरज मणि त्रिपाठी ने श्रृंगार रस और हास्य व्यंग की कविताओं से सबको ओतप्रोत कर दिया। इसके उपरांत पेलोडी कवि मुकेश जोशी मासूम ने काव्य पाठ से महफिल लूट लिया।

इसके बाद भोजपुरी भाषा में सुंदर कांड का अनुवाद करने वाले सचितानंद पाठक मुन्ना ने भोजपुरी में कविता सुनाई। गीत की गंगा के रूप में मशहूर पद्मिनी शर्मा ने प्रेम और श्रृंगाररस की कविताओं से माहौल को सुर्ख कर दिया। उपस्थित श्रोताओं ने अपनी तालियों से कवियों को खुब सराहा।

इसके बाद हास्य व्यंग के मशहूर कवि शंभू शिखर ने अपनी रचनाओं से महफिल लूट लिया। कवि सम्मेलन अनौपचारिक शुभारंभ जिले के सुल्तानपुर गांव निवासी व स्थानीय कवियत्री कविता सिंह परिहार ने अपनी कविता कि यूं नहीं हम बलियावासी बागी कहलाते हैं...से किया।

## खबरें फटाफट

### अज्ञात वाहन के धक्के से तीन युवक जख्मी

**गाजीपुर।** नंदगंज थाना क्षेत्र के नैसारा मैरेज हाल के पास सोमवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने घायलों को मेडिकल अस्पताल भेज दिया। क्षेत्र के रामपुर माझा गांव निवासी सूरज चौहान, किशन चौहान और आशीष चौहान एक ही बाइक पर गाजीपुर किसी काम से जा रहे थे। तभी वाराणसी से गाजीपुर जा रहे ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे तीनों युवक सड़क पर गिर गए। जिसमें दो लोगों का पैर टूट हो गया। चालक घटना स्थल से ट्रक लेकर भाग गया।

### रेल लाइन से टकराने से युवक की मौत

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन के पूर्वी रेलवे फाटक के समीप बन रही रेल की तीसरी लाइन में एक युवक जो नशे की हालत में था और दो पहिया वाहन से करहा की तरफ से आते हुए तेज गति होने के कारण रेल की तीसरी लाइन से जा टकराया जहां गंभीर छोटी आने पर मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 38 अजय पुत्र कटवारू निवासी शादीपुर थाना रानीपुर जनपद मऊ जो अपने दो पहिया मोटरसाइकिल से रेलवे की तीसरी लाइन के बने हुए डिवाइडर से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही युवक ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया।

### 23 दिसंबर को मऊ में होगा रोजगार मेला

**मऊ।** जिला सेवायोजन अधिकारी एमआर प्रजापति ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, रा0औ0प्र0 संस्थान, एवं कौशल विकाश मिशन मऊ के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में सेवायोजित करने के उद्देश्य से 23 दिसंबर को रोजगार मेले का आयोजन राजकीय आईटीआई मुहम्मदा बाद गोहना मऊ के परिसर में किया जा रहा है। बीस से अधिक कंपनियां हिस्सा लेंगी। इसमें साक्षात्कार के माध्यम से नि:शुल्क प्रशिक्षण राजकीय आईटीआई करौंदी वाराणसी में दिया जायेगा।

### चुरामनपुर गांव में हटाया गया अतिक्रमण

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के चुरामनपुर गांव में काफी वर्षों से रास्ते का विवाद लोगों में था। रास्ते में घर-घर का पानी इक्ट्ठा होकर पोखरी जैसा बन गया था। जिसमें कुछ दिन पहले प्रखंड विकास अधिकारी संजय गुप्ता, एसडीओ पंचायत राजकमल, ग्राम प्रधान जीवधन यादव ने खड़ंजा फेंकने के लिए गांव में पंचायत की। कुछ लोगों ने पंचायत की बात मानी तो कुछ लोगों ने रातोंरात जबरदस्ती रास्ते को ईंट की दीवार जोड़कर अवरोध कर दिया था। इसकी सूचना खंड विकास अधिकारी को मिली तो तत्काल उन्होंने थाने के उप निरीक्षक होरिल यादव , कानूनगो रमापति, लेखपाल सौरभ सिंह, एडीओ पंचायत राजकमल गौरव, की मदद से अतिक्रमण हटाकर तत्काल खंडका बिछवाया।

## चंदौली जिले के सैयदराजा विधानसभा के कल्याणपुर ग्रामसभा को मिली सौगात

# केंद्रीय मंत्री ने 5 करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

◆ सांसद निधि से बनेगा दो 2 लाख का सुलभ शौचालय

**केटी न्यूज/चंदौली**

चंदौली जिले के सैयदराजा विधानसभा के बरहनी ब्लॉक स्थित कल्याणपुर ग्राम सभा में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र पांडेय द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ-साथ ग्राम सभा के अंतर्गत कराए गए 5 करोड़ की लागत के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम किया गया। बता दें कि उन्होंने कल्याणपुर ग्राम सभा के प्राचीन दुर्गा मंदिर पर पहुंचकर सबसे पहले मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। वहां संस्कृत विद्यालय के छात्रों द्वारा विधिपूर्वक पूजा कराया गया। जिससे प्रसन्न होकर मंत्री ने श्री दुर्गा संस्कृत विद्यालय को सांसद निधि के माध्यम से 2 लाख से शौचालय बनवाने की घोषणा कर दी । इसके बाद वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने पहले तो माता सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया और उसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सरकारी कार्यों के बारे में बताने के साथ-साथ



उन्होंने कहा कि एक सांसद के पांच करोड़ रुपए खर्च करने की क्षमता होती है लेकिन इस ग्राम सभा में एक ही वित्तीय वर्ष मे ग्रामप्रधान गौतम तिवारी द्वारा 5 करोड़ के कार्य कराए गए हैं जो कहीं ना कहीं विकसित भारत की परिकल्पना को आपके सामने दिखाने का कार्य कर रहा है।

वहीं ग्राम प्रधान गौतम तिवारी द्वारा ग्राम सभा में कराए गए कार्यों के बारे में बताने का कार्य किया गया। जिस पर मंत्री जी ने कहा कि यह भाजपा के योग योगी और मोदी सरकार की देन है जिस पर आज हम लोग विकास की गाथा को गा रहे हैं। उन्होंने कल्याणपुर ग्राम सभा में 12लाख से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया और वहां मौजूद आंगनवाड़ी जिला कार्यक्रम अधिकारी से सारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। जिसमें 3 साल से 6 साल के बच्चों के लिए पढ़ने का कार्य किया जाएगा। उसे के बाद मंत्री जी ने ग्राम सभा में बने हुए आरसीसी रोड का लोकार्पण किया और डीएफसी के माध्यम से कल्याणपुर ग्राम सभा के लिए बनाई गई साढे चार किलोमीटर लंबी रोड जिसकी लागत 4 करोड़ थी उसका भी लोकार्पण करने का काम किया गया। इस रोड को बनवाने में सहयोग देने वाले अधिकारियों तथा पुलिस के सदर क्षेत्र अधिकारी रामवीर सिंह व पूर्व सैयदथाना प्रभारी शेषधर पांडे को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्रम देकर सम्मानित करने का कार्य किया गया।

## पीएम मोदी ने पूर्वाचलवासियों को दी बहुत बड़ी सौगात : मंत्री

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**

बहुप्रतिक्षित ट्रेन परिचालन को लेकर वर्षो से क्षेत्रीय नागरिक टकटकी लगाए हुए थे वह बहु प्रतिक्षित समय की शुभ घड़ी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्ण कर दी ट्रेन का परिचालन शुरू हो गया । उंक्त परिचालन को झंडी दिखाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा कैबिनेट मंत्री ए. के शर्मा दल बल के साथ पहुचे निर्धारित समय पर ट्रेन को हरीझंडी दिखा कर रवाना किये। मंत्री ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल निर्देशन मे भय मुक्त , भ्रष्टाचार मुक्त ,देश का सवार्गीण और चौतरफा विकास हो रहा है। मोदी के लिए केवल एक जाति है सिर्फ गरीब, गरीब और महिलाओ के उत्थान हेतु मोदी का अनवरत प्रयास जारी है। मोदी जी ने पूर्वाचल वासियो को बहुत बड़ी सौगात दी है



आने वाले समय मे इस स्टेशन से बड़ी जगहों के लिए भी ट्रेन संचालित होगी । वही व्यवसायियो तथा समाज सेवियो का कहना था कि ट्रेन चलने से ब्यापार में बढ़ोतरी होगी, रोजगार के साधन बढेगे, दोहरीघाट की जो पुरानी शाख थी वह आढ़त के मामले में बढ़ोतरी होगी । वही ट्रेन चलने से बैंक के लोग भी काफी प्रश्नचित है प्रबन्धक शशिप्रकाश पांडेय ने बताया कि उंक्त ट्रेन के परिचालन से क्षेत्र का चौमुखी और सवार्गीण विकास होगा उधोग धंधे बढ़ेगें।

## मौसी के साथ प्रयागराज के संगम घाट पर पूजा करने गई तीन लड़कियां डूबीं, दो की मौत

**केटी न्यूज/ प्रयागराज/बलिया**

परिवार संग प्रयागराज संगम घाट पर स्नान करने गई बलिया जिले की तीन लड़कियां रविवार को डूब गई। तीनों के डूबते ही घाट पर हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से एक लड़की को बचा लिया, जबकि दो लड़कियों की लाशें बरामद हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार बलिया जिले के बांसडीह कोतवाली के हुसेनाबाद निवासी प्रीति 15 वर्ष अपनी बड़ी बहन प्रिया 18 पुत्री अनिल गोंड के साथ प्रयागराज में निवास कर रही अपनी मौसी के यहां किसी पूजा में भाग लेने रविवार को गई हुई थी। जिसके साथ मामा की लड़की प्रियंका 18 पुत्री सुभाष गोंड निवासी चितबिसाव थाना सहतवार



भी गई हुई थी।

जहां तीनों अपने रिश्तेदारों के साथ प्रयागराज के संगम घाट पर स्नान करने गई हुई थी। स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण तीनों डूबने लगी। आसपास के लोगों ने प्रिया को बचा लिया। जबकि प्रीति व प्रियंका का शव गोताखोर के अथक प्रयास के बाद बरामद हुआ। सोमवार को प्रीति और प्रियंका के शव का अंतिम संस्कार प्रयागराज में परिजनों द्वारा किया गया। घटना के बाद रिश्तेदारी व परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## नियमों की अनदेखी कर खुद ही अवैध कब्जा कर बैठे हैं सीएमएस

**केटी न्यूज/बलिया**

शासन के हर नियम–कानून को ताक पर रखते हुए रिटायर्ड होने के बावजूद स्वास्थ्य महकमे के चिकित्सक अपना मकान खाली करने का नाम नहीं ले रहे हैं। वहीं जिला अस्पताल के मुखिया सीएमएस डा. एसके यादव का नाम भी इसी फेहरिस्ट में है।

बता दें कि जिला अस्पताल में तैनात होने वाले हर चिकित्सक सिवाय संविदा के, को आवास मुहैया कराया जाता है। सेवानिवृत्त होने के बाद इन्हें स्वेच्छा से सूचना देकर आवास खाली करना पड़ता है। लेकिन जिला अस्पताल में आलम यह है कि यहां जिस चिकित्सक को एक बार आवास मुहैया हो जाता है उसे वे वे खाली करने का नहीं नहीं लेते हैं। उदाहरण के तौर पर पूर्व सीएमएस डा. बीपी सिंह 2021 में सेवानिवृत्त हो गए, लेकिन अब तक सरकारी आवास



पर उनका कब्जा बरकरार है। इसी तरह नेत्र विशेषज्ञ रहे डा. एस प्रसाद अप्रैल 2023 में सेवानिवृत्त हो गए और बाद में संविदा चिकित्सक रूप में अस्पताल में कार्यरत है। जिनका आवास डा. अनुराग सिंह के नाम पर नियमानुसार आवंटित भी हो चुका हैं, लेकिन डा. एस प्रसाद आवास खाली करने का नाम नहीं ले रहे हैं। सबस विडंबना की बात यह है कि जिला अस्पताल के मुखिया डा. एसके यादव भी पूर्व सीएमएस डा. दिवाकर सिंह के स्थानांतरण के बाद खाली बी–12 मकान में कुंडली मारकर बैठे हुए हैं।

## शहर की ओर पलायन और दर्द को सहती स्त्री की व्यथा के मार्मिक दृश्य का हुआ मंचन

# बिदेसिया नाटक में कलाकारों ने दर्शकों को गुदगुदाया और रुलाया

◆ महिलाएं भावनाओं में इस कदर डूबी कि उनकी आंखें नम हो गई

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर के गंगा बहुउद्देशीय सभागार में बिदेसिया नाटक का जादू सिर चढ़कर बोला। संकल्प के कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों को जब चाहा हंसाया और जब चाहा रुलाया। संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बलिया द्वारा महान लोककलाकार भिखारी ठाकुर की जयंती की पूर्व संध्या और संकल्प के 18वें स्थापना



दिवस पर बिदेसिया नाटक का मंचन किया गया। भिखारी ठाकुर द्वारा रचित इस नाटक को जनपद के वरिष्ठ रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी ने निर्देशित किया। रोजगार के अभाव में गांव से शहर की ओर पलायन और उस पलायन के दर्द को सहती स्त्री की व्यथा का मार्मिक दृश्य जब मंच पर प्रस्तुत हुआ तो दर्शक भाव विभोर हो गए। भारी संख्या में उपस्थित महिलाएं भावनाओं में इस कदर डूबी कि उनकी आंखें नम हो गई। नाटक में बिदेसी की भूमिका में अपने शानदार अभिनय से निर्देशक आशीष त्रिवेदी ने शमां बांधा। वहीं बटोही की भूमिका में आनन्द कुमार चौहान ने नाटक में जान डाल दिया। पहली बार मंच पर प्यारी सुंदरी का किरदार निभा रही दिपाक्षी ओझा ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। दिपाक्षी के अभिनय की सबने सराहना की। दूसरी पत्नी की भूमिका में मुस्कान गुप्ता भी कमाल रही। दोस्त की भूमिका में अनुपम पाण्डेय ने बेहतरीन अभिनय किया। इसके अलावा राहुल चौरसिया , रितेश पासवान , आयुषी तिवारी, जन्मेजय वर्मा, सुशील केसरी, मौसम कुमार, आलोक कुमार यादव, सानिया श्रीवास्तव, श्रेया श्रीवास्तव, सुप्रिया पांडेय, शालिनी गुप्ता, आकाश कुमार यादव व आदित्य कुमार शाह, ख्याति सिंह एवं शिवांगी ठाकुर ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

## एक नजर

### जिला जज, डीएम ने किया जेल का निरीक्षण



**गाजीपुर।** जिला जज संजय कुमार-सप्तम, जिलाधिकारी अर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा संयुक्त रुप से जेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसपी ने जिला कारागार में कारागार चिकित्सालय, महिला एवं पुरूष बैरक, रसोई घर आदि का निरीक्षण किया। साथ ही कारागार में लगे सीसीटीवी कैमरे की संचालन व्यवस्था की भी जांच की। डीएम ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती कैदियों से बीमारियों के संबंध में पूछा तथा उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गई, इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरकों का निरीक्षण किया गया। कारागार में रसोईघर के निरीक्षण में प्रत्येक दिन बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। ।

### विधायक ने कुश्ती प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**गाजीपुर।** सुहवल गांव में संत श्रीमानदास बाबा की तपोस्थली पर आयोजित धनुष यज्ञ मेले के अवसर पर दल्लू सिंह यादव पहलवान की स्मृति में अन्तरप्रांतीय विराट कुश्ती का आयोजन हुआ। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वय जमानियां विधायक ओमप्रकाश सिंह एवं जंगीपुर विधायक डा. वीरेन्द्र सिंह यादव ने पहलवानों का हाथ मिलाकर शुभारम्भ किया। इस दौरान बारह हजार की इनामी बलिया केशरी राहुल व करमपुर के उदय प्रताप, दस हजार की इनामी भीम करमपुर व गोरखपुर के संदीप के बीच कुश्ती बराबरी पर रही। इसी तरह प्रमोद व मनमोहन, धर्मराज व अमित, अभिमन्यु व मोनू, सुरभी व ब्यूटी, जयप्रकाश व सुरेंद्र के बीच कुश्ती बराबरी पर रही। जबकि अशोक ने धन्नजय, जयशंकर ने अनिल, आशीष ने राजा, अजीत ने चंदन, अलीहुसैन ने लालमन, अमित ने अमिताभ जबकि शिवानंद ने प्रवीण को पटखनी दे कुश्ती अपने नाम कर ली। वहीं मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश सिंह एवं डा. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि विलुप्त होती जा रही भारतीय कला सभ्यता कि पुरानी खेल परम्परा को जिस तरह से जीवन्त बनाए रखने के लिए प्रयास हो रहे हैं। इस अवसर पर आशा यादव, गौतम यादव, भगवती प्रसाद तिवारी, जमशेद राइनी, जीवेन्द्र नारायण शुक्ला, शशिकांत यादव, नसीम, शंकर यादव पहलवान, शिवजी आदि मौजूद रहे। निर्णायक कन्हैया पहलवान व बब्बन यादव जबकि कमेंट्री की भूमिका नागा पहलवान एवं राजवंश ने निभाई ।

### स्वास्थ्य शिविर में हुआ दो सौ मरीजों का उपचार

**अलीनगर (चंदौली)।** सकलडीहा कस्बा के बलारपुर स्थित एसएसपब्लिक स्कूल में उद्गार प्रसाद ट्रस्ट द्वारा एक दिवसीय निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 200 मरीजों का निशुल्क जांच और दवा वितरण किया गया। क्षेत्र के बलारपुर स्थित एसएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के दर्जनों गांवों के मरीजों ने पहुंचकर अपना चेकअप कराया और दवा लिया। इसमें बी. एच. यू. के न्यूरोलॉजी डॉक्टरों के टीम द्वारा निःशुल्क मेडिकल परामर्श और दवा वितरण के साथ ही परामर्श दिया गया।इसमें न्यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टर तेजस्वी सिंह और डॉक्टर ए. के. देव (एम.डी.) द्वारा परामर्श और दवा देकर मरीजों को रोगों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रबंधक उजियार यादव ,संजय सिंह, मुरलीधर पांडेय,मनोज यादव, हेमंत सिंह,रोहित कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### निकाली गई पूजित अक्षत कलश शोभायात्रा

**चंदौली।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत कलश शोभायात्रा सोमवार को जिला मुख्यालय के नगर में निकाली गई। श्री राम भक्तों ने पुष्प वर्षा कर श्री राम, हर हर महादेव के उद्घोष से शोभा यात्रा का स्वागत किया। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। वहीं शोभायात्रा नगर स्थित श्री राम जानकी शिवमठ मंदिर से शुरू होकर नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए सकलडीहा रोड स्थित श्रीहनुमान मंदिर में समाप्त हुई। विदित हो कि आगामी 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर का भव्य उद्घाटन होगा। इस उपलक्ष्य में अयोध्या से आए पूजित अक्षत को लेकर लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। सुबह नगर स्थित श्रीराम जानकी शिव मठ मंदिर के समीप से नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। 22 जनवरी को मंदिरों में हरि कीर्तन और पूजा पाठ करने का आह्वान किया गया। इस दौरान अजय, संजय, पंकज मिश्रा, हरिश्चंद्र,सतीश अग्रहरि, अनिल, राकेश, हेमनाथ अग्रहरि, राजेश कुमार, संदीप सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### विधायक रमेश ने धान क्रय केंद्रों का लिया जायजा

**चंदौली।** धान खरीद में लगातार मिल रही अनियमितता की शिकायतों को संज्ञान में लेकर मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल सोमवार को क्रय केन्द्रों को दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने एक के बाद एक कई क्रय केंद्रों का जायजा लिया। इस दौरान वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही क्रय केन्द्र पर मौजूद किसानों से रूबरू होकर धान बेचने में आ रही दिक्कत को जानने का प्रयास किया। इस क्रम में मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल नवीन मंडी स्थित एफसीआई के क्रय केन्द्र पर खरीद प्रक्रिया देखी और इसके बाद उन्होंने एक-एक कर सभी 11 क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। साथ ही सिकरी, बबुरी समेत अन्य क्रय केन्द्रों का जायजा लिया। कहा कि क्रय केन्द्र पर आने वाले किसानों के लिए गुड़ व पानी का बंदोबस्त किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने 17 नमी वाले धान में किसी तरह की कटौती ना की जाए। साथ ही जिनके धान में 14 से कम नहीं है उन्हें बढ़ाकर भुगतान करने का निर्देश दिया।

